अनुक्रमांक ......................................                                                                                    समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................                                                                                    पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2025
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'पूर्ण से अंश की ओर' का शिक्षण सूत्र आधारित है— **(1)**

(A) गेस्टाल्ट मनोविज्ञान (B) बाल मनोविज्ञान
(C) प्राणी मनोविज्ञान (D) जीव विज्ञान

**2.** बच्चों में कल्पना शक्ति का विकास किया जा सकता है— **(1)**

(A) समूह कार्य द्वारा (B) कहानी द्वारा
(C) प्रश्नोत्तर द्वारा (D) व्याख्यान द्वारा

**3.** शिक्षण का सामान्य सिद्धान्त निम्न में से नहीं है— **(1)**

(A) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (B) रुचि का सिद्धान्त
(C) नियोजन का सिद्धान्त (D) परिणाम का सिद्धान्त

**4.** 'Becoming Better Teacher: A Micro Teaching Approach' निम्न में से किसकी पुस्तक है— **(1)**

(A) डॉ. बी. के. पासी (B) एन. एल. दोसाज
(C) एलन (D) रेयान

**5.** विज्ञान किट में कितनी वस्तुओं को शामिल किया है— **(1)**

(A) 110 (B) 85
(C) 105 (D) 80

**6.** 'प्रश्नोत्तर प्रविधि' के जनक कौन हैं— **(1)**

(A) प्लेटो (B) सुकरात
(C) अरस्तु (D) डीवी

**7.** पाठ-प्रस्तावना कौशल का आधार बिन्दु है— **(1)**

(A) पाठ्यक्रम (B) परिवार
(C) पूर्वज्ञान (D) TLM (टी.एल.एम.)

**8.** सम्प्रेषण के घटक हैं— **(1)**

(A) प्रेषक (B) संदेश
(C) ग्राही (D) ये सभी

**9.** किस सूत्र का सम्बन्ध आगमन विधि से है— **(1)**

(A) स्थूल से सूक्ष्म की ओर (B) विशिष्ट से सामान्य की ओर
(C) सामान्य से विशिष्ट की ओर (D) मूर्त से अमूर्त की ओर

**10.** सहयोग की भावना का विकास सम्भव है— **(1)**

(A) समूह कार्य से (B) वाद-विवाद से
(C) प्रश्नोत्तर से (D) सहायक सामग्री से

**11.** 'उपचारात्मक शिक्षण' का प्रमुख कार्य है— **(1)**

(A) लेख में सुधार
(B) सुलेख पर बल देना
(C) दोषपूर्ण अध्ययन एवं शिक्षण से सम्बन्धित समस्याओं को दूर करना
(D) गृहकार्य देना

**12.** पाठ योजना का प्रथम बिन्दु निम्न में से है— **(1)**

(A) प्रस्तावना के प्रश्न
(B) उद्देश्य कथन
(C) कठिनाई निवारण
(D) व्याख्या

**13.** सूक्ष्म शिक्षण पद्धति के जन्मदाता हैं— **(1)**

(A) ब्लूम
(B) बी. एफ. स्किनर
(C) रायबर्न
(D) डी. एलन

**14.** व्याख्यान विधि में प्रायः छात्रों के क्या बनने की सम्भावना रहती है— **(1)**

(A) मूक
(B) सक्रिय
(C) निष्क्रिय
(D) इनमें से कोई नहीं

**15.** शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में शिक्षण के कितने ध्रुव (Pole) हैं— **(1)**

(A) एक
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण से क्या अभिप्राय है? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**17.** शाब्दिक सम्प्रेषण के दो प्रमुख प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**18.** शिक्षण-सूत्रों के कोई दो लाभ बताइए। **(1)**

**19.** निदानात्मक परीक्षण को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**20.** ज्ञात से अज्ञात सूत्र किस तथ्य पर आधारित है? समझाइए। **(1)**

**21.** शिक्षण में 'रुचि के सिद्धान्त' को स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**22.** पुनर्बलन शिक्षण कौशल के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**23.** अनुदेशन से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**24.** श्यामपट्ट शिक्षण कौशल के घटकों का नाम लिखिए। **(1)**

**25.** खेल पर आधारित दो शिक्षण विधियों के नाम लिखिए। **(1)**

**26.** न्यूनतम अधिगम स्तर का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**27.** बालकेन्द्रित शिक्षण की दो विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**28.** क्षेत्रीय पर्यटन शैक्षिक विधि को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**29.** शिक्षण उद्देश्यों के आधार पर प्रश्नों का वर्गीकरण कीजिए। **(1)**

**30.** शिक्षण प्रक्रिया को कौशल के रूप में किस संस्था ने सर्वप्रथम अध्ययन किया है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मन्दबुद्धि छात्रों के लिए किस प्रकार उपचारात्मक शिक्षण किया जाना चाहिए? **(2)**

**32.** दक्षता आधारित शिक्षण विधि के सोपान लिखिए। **(2)**

**33.** संश्लेषण से विश्लेषण की ओर शिक्षण-सूत्र की व्याख्या कीजिए। **(2)**

**34.** शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अन्तर लिखिए। **(2)**

**35.** शिक्षण में अभिप्रेरणा के सिद्धान्त पर सविस्तार प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** उत्तम शिक्षण की विशेषताओं को लिखिए। **(2)**

**37.** शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सम्प्रेषण के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**38.** शिक्षण कौशल की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए किन्हीं दो शिक्षण कौशलों को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**39.** शिक्षण सूत्र एवं शिक्षण सिद्धान्त में अन्तर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** सहभागी शिक्षण का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा इसकी विशेषताएँ भी लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2025

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN